**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 14.06.2025** **समय : 0705**

- **आयुष मंत्रालय की ओर से हाइब्रिड वैश्विक शिखर सम्मेलन–योग कनेक्ट का आयोजन किया जाएगा।**
- **कार निकोबार में ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में दो दिवसीय जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई।**
- **शैक्षणिक संस्थानों के समीप तम्बाकू उत्पादों की अवैध बिक्री और कब्जे को रोकने के लिए एक निरीक्षण अभियान चलाया गया।**
- **एनएच–04 के तहत चल रहे विकास कार्यों के चलते कदमतला क्षेत्र में साप्ताहिक बिजली आपूर्ति बाधित।**

<><><><><><><>

आयुष मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित हाइब्रिड वैश्विक शिखर सम्मेलन–योग कनेक्ट का आयोजन करेगा। यह सम्मेलन इक्कीस जून को ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें विश्व के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय योग संस्थानों और स्वास्थ्य समुदायों के सहभागी भी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन में बहरीन, अमरीका, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित चार से अधिक देशों के विशेषज्ञ भी भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दशक भर के प्रभाव के अध्ययन संबंधी रिपोर्ट– योग प्रभाव जारी की जाएगी। एक दशक में योग के प्रभाव पर एक ई–बुक और योग अनुसंधान के विज्ञान संबंधी विश्लेषण पर रिपोर्ट का अनावरण भी किया जाएगा। शिखर सम्मेलन में विभिन्न विषयगत सत्र होंगे।

<><><><><><><>

कार निकोबार, पेरका के जिला कार्यालय में ज़िला उपायुक्त अमित काले की अध्यक्षता में दो दिवसीय जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद बिष्णु पद रे, संबंधित विभाग प्रमुखों और जनजातीय परिषदों के अध्यक्षों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य निकोबार जिले के लिए वार्षिक कार्य योजना दो हजार पच्चीस–छब्बीस को अंतिम रूप देना, विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा करना और पिछली डीपीसी बैठकों के दौरान उठाए गए प्रमुख विकास संबंधी समस्यों का समाधान करना था। इसमें सभी तेईस संबंधित विभागों ने प्रस्तावित वार्षिक कार्य योजनाएं और कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत कीं। जनजातीय परिषद के नेताओं ने चर्चा के दौरान सार्वजनिक सेवा वितरण, बुनियादी ढांचे के विकास और आजीविका वृद्धि से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला। ज़िला उपायुक्त ने अंतर–विभागीय समन्वय और विकास परियोजनाओं के समय पर निष्पादन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रशासनिक और विकासात्मक हस्तक्षेपों के माध्यम से चरणबद्ध और व्यवस्थित तरीके से वास्तविक मांगों को प्राथमिकता देने और उनका समाधान करने के लिए आदिवासी प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कल नई दिल्ली में 'एग्री स्टैकः टर्निंग डाटा इन टू डिलिवरी विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए डिजिटल कृषि मिशन के तहत एग्री स्टैक के कार्यान्वयन की प्रगति, चुनौतियों और भविष्य की रूपरेखा पर विचार–विमर्श करने के लिए एक रणनीतिक मंच के रूप में कार्य करता है। सम्मेलन में, कृषि मंत्रालय में सचिव देवेश चतुर्वेदी ने पारदर्शी, किसान–केंद्रित शासन के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से शैक्षणिक संस्थानों के समीप तम्बाकू उत्पादों की अवैध बिक्री और कब्जे को रोकने के लिए एक निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्कूलों और कॉलेजों के 100 मीटर के तंबाकू निषेध क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को लक्षित किया गया। राजस्व अधिकारियों ने अबरडीन बाज़ार और स्कूल लाइन जैसे क्षेत्रों पर विशेष रूप से निरीक्षण किया। इन क्षेत्रों में संचालित कई दुकानों में COTPA मानदंडों का उल्लंघन करते हुए प्रतिबंधित तम्बाकू उत्पाद पाए गए। इन उत्पादों को तुरंत जब्त कर लिया गया और कानूनी प्रावधानों के अनुसार उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। विभाग ने सभी दुकानदारों कोऐसी किसी भी गतिविधि से दूर रहने की चेतावनी दी है। जिला प्रशासन स्कूलों और कॉलेजों के आसपास एक सुरक्षित और तंबाकू मुक्त वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डॉलीगंज, आईटीआई बकुलतला और आईटीआई अरोंग में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दो जुलाई है। वरीयता सूची चार जुलाई को जारी की जाएगी। दावे और आपत्तियां चार से आठ जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे और अंतिम वरीयता सूची नौ जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी। अधिक जानकारी और विवरण पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, सतत एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आज 'हैचलिंग से लेकर आशा तकः द्वीपों में सतत पर्यटन के लिए कछुए के घोंसले का लाभ उठाना' विषय पर अंडमान निकोबार पर्यावरण टीम के साथ मिलकर एक विशेष व्याख्यान आयोजित करेगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण हॉल में रखा गया है।

<><><><><><><>

रंगत तहसील के अंतर्गत एनएच–04 के तहत चल रहे विकास कार्यों और पेड़ कटाई के चलते कदमतला क्षेत्र में साप्ताहिक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस सिलसिले में आज से प्रत्येक शनिवार को सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

इस बीच, अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से स्कूल लाइन में मार्स ऑटोकेयर के सामने पाइप लाइन बिछाने का कार्य किए जाने के चलते आज रात्रि दस बजे से कल तड़के दो बजे के बीच डॉलीगंज, पहाड़गांव, आईसीएमआर कॉलोनी क्षेत्र, स्कूल लाइन और लंबा लाइन क्षेत्र के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव द्वारा सभी विभागों में तिमाही मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देशानुसार कल आपदा प्रबंधन निदेशालय के सहयोग से अंतर–द्वीपीय हेलीकॉप्टर टर्मिनल भवन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, पुलिस, अग्निशमन सेवा और जिला प्रशासन के समन्वय में आयोजित किया गया। अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन तैयारियों का आंकलन करना, अंतर–विभागीय समन्वय का मूल्यांकन करना और आपदा के दौरान प्रतिक्रिया तंत्र की प्रभावशीलता का परीक्षण करना था। अभ्यास के बाद घटना कमांडर के नेतृत्व में एक डीब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विभागों के पर्यवेक्षकों ने अपने आंकलन साझा किए।

<><><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

इंडियल ऑयल द्वारा द्वीपसमूह में नए पी ओ एल टर्मिनल स्थापित करने की योजना बनाने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। अखबार ने भारतीय स्टेट बैंक–आर सेती की ओर से महिलाओं के लिए टेलरिंग प्रशिक्षण आयोजित करने के समाचार को अंतिम पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है। मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों को सरकारी सेवाओं की डिलीवरी को सरल बनाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया–**द्वीप समाचार** की खबर है। इसके अलावा अखबार ने दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्ष के विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करने समाचार को भी प्रकाशित किया है। मछली पालन गतिविधियों के लिए चिन्हित समुद्री क्षेत्र को पट्टे पर देने के लिए आवेदन आमंत्रित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** में जगह मिली है। कार निकोबार में ज़िला स्तरीय योजना समिति की बैठक आयोजित करने के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने सचित्र प्रकाशित किया है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत एक हजार वर्ग मीटर सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के समाचार को **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने प्रकाशित किया है ।

<><><><><><><>